**खबर संक्षेप**

### अंकुश बने असिस्टेंट प्रोफेसर



**मानपुर।** नगर के प्रतिभाशाली युवा अंकुश सोनी ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपी पीएससी) की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयनित होकर मानपुर सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अंकुश सोनी, पिता बिहारी लाल सोनी, की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से नगर में हर्ष और गर्व का वातावरण है। उनकी सफलता की खबर मिलते ही स्थानीय नागरिकों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों और शुभचिंतकों ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उनके पिता बिहारी लाल सोनी ने कहा कि यह परिवार के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। अंकुश ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। पढ़ाई के प्रति उसकी लगन शुरू से ही रही है।वहीं माता श्रीमती कपसू सोनी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अंकुश बचपन से ही शिक्षा को लेकर गंभीर रहा है। प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च अध्ययन तक उसने निरंतर मेहनत की और कभी लक्ष्य से समझौता नहीं किया। अंकुश सोनी की इस सफलता को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत माना जा रहा है। लोगों का कहना है कि यह उपलब्धि शिक्षा, समर्पण और सतत परिश्रम की जीत का प्रतीक है।

## ठेकेदार और मालिक पर घटना दबाने का गंभीर आरोप

# चौथी मंजिल से गिरकर मजदूर की दर्दनाक मौत!

### सुरक्षा मानकों को ठेंगा, लापरवाही ने ली जान

**शहडोल। शहर में चल रहे निजी निर्माण कार्यों में मजदूरों की जान की कीमत कितनी है, इसका वीभत्स उदाहरण कोतवाली थाना क्षेत्र के नरसहा डिपो इलाके में देखने को मिला। बीज गोदाम के पीछे स्थित एक निर्माणाधीन चार-मंजिला भवन में काम करते वक्त जागेंद्र सिंह उम्र 40 वर्ष नामक मजदूर की चौथी मंजिल से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भवन मालिकों और ठेकेदारों के लिए मजदूरों की सुरक्षा केवल कागजी खानापूर्ति है, जबकि हकीकत में उनकी जान जोखिम में रहती है।**







### सेंट्रिंग का काम, सुरक्षा का शून्य

मृतक जागेंद्र सिंह निर्माणाधीन भवन में सेंट्रिंग का कार्य कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह काम के दौरान संतुलन खो बैठे और सीधे चौथी मंजिल से नीचे ज़मीन पर आ गिरे। ऊंचाई से गिरने के कारण उन्हें इतनी गंभीर चोटें आईं कि घटनास्थल पर ही उनकी जीवन लीला समाप्त हो गई। प्रारंभिक जांच और स्थानीय लोगों के आरोपों से यह स्पष्ट होता है कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन किया जा रहा था। भवन के चारों ओर सुरक्षा जाल (नेट) नहीं लगाया गया था। मजदूरों को हेलमेट, सुरक्षा हार्नेस या बेल्ट जैसे न्यूनतम सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध नहीं कराए गए थे। इतनी ऊंचाई पर काम करते समय पर्यवेक्षण की कमी थी।

### शक के घेरे में मालिक और ठेकेदार

इस पूरे मामले में सबसे गंभीर और चिंताजनक पहलू यह है कि हादसे के बाद भवन मालिक सुधीर सिंघई और ठेकेदार पर घटना को दबाने और पुलिस को देर से सूचना देने का गंभीर आरोप लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब जागेंद्र सिंह गिरे, तो अफरा-तफरी मच गई, लेकिन जिम्मेदार लोगों ने घायल मजदूर को तुरंत अस्पताल पहुंचाने की जहमत नहीं उठाई। अगर समय पर अस्पताल पहुंचाया जाता, तो शायद जान बच सकती थी, पुलिस को भी सूचना आस-पास के लोगों द्वारा दी गई। क्या मालिक और ठेकेदार इस डर से घटना को दबाने का प्रयास कर रहे थे कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर उन पर कानूनी शिकंजा कसेगा?

### कोतवाली पुलिस पहुंची, जांच शुरू

स्थानीय लोगों की जानकारी के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया, पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि क्या यह केवल एक दुर्घटना है या यह सीधे तौर पर भवन मालिक और ठेकेदार की आपराधिक लापरवाही का नतीजा है। यदि जांच में सुरक्षा उपकरण उपलब्ध न कराने और नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो दोषियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला भी दर्ज हो सकता है।

### दोषियों को सज़ा मिले

इस घटना ने पूरे शहर के मजदूर वर्ग और मजदूर संघों में भारी गुस्सा भर दिया है। उनका कहना है कि मजदूरों को मजबूरन बिना सुरक्षा के काम करना पड़ता है और जब कोई दुर्घटना होती है, तो उन्हें मुआवज़ा भी मुश्किल से मिलता है। मजदूर संघों ने मांग की है कि इस मामले में न केवल ठेकेदार बल्कि सीधे भवन मालिक पर भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी निर्माण कार्यों में मजदूरों की जिंदगी से खिलवाड़ न कर सके। यह घटना शहडोल के निर्माण क्षेत्र के लिए चेतावनी है कि यदि सुरक्षा प्रोटोकॉल को सख्ती से लागू नहीं किया गया, तो ऐसे दर्दनाक हादसे होते रहेंगे और इसके लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार लोग ही होंगे।

# लकड़ी पर वन विभाग ने कसी नकेल





### अवैध फैक्ट्री और लकड़ी से भरा वाहन जब्त

**शहडोल।** जिले में वन विभाग ने अवैध लकड़ी कारोबार के खिलाफ सख्त तेवर दिखाते हुए एक ही दिन में दो बड़ी और निर्णायक कार्रवाइयों को अंजाम दिया। इन छापामार कार्रवाइयों से न केवल अवैध फर्नीचर निर्माण का भंडाफोड़ हुआ, बल्कि बिना अनुमति लकड़ी ढो रहे वाहन को भी जब्त कर लिया गया। विभाग की इस कार्रवाई से जिले में सक्रिय लकड़ी तस्करों में हडक़ंप मच गया है। यह कार्रवाई मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल अनुपम सहाय के निर्देशन में तथा दक्षिण शहडोल वन मंडलाधिकारी श्रद्धा पन्द्रे और उप वन मंडलाधिकारी जैतपुर विनोद जाखड़ के मार्गदर्शन में की गई। बुढ़ार और जैतपुर वन परिक्षेत्र के संयुक्त वन अमले ने पूरी सतर्कता और रणनीति के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया। पहली कार्रवाई बुढ़ार वन परिक्षेत्र में की गई, जहां मुखबिर की सूचना पर सीताराम उर्फ सुरेश चौधरी उम्र 61 वर्ष के निवास पर छापा मारा गया। जांच के दौरान घर के अंदर अवैध रूप से फर्नीचर निर्माण का कार्य संचालित पाया गया। मौके से बबूल और खम्हेर प्रजाति की लकड़ी से बने 7 सिंगल पल्ला दरवाजे, 1 से 2 डबल पल्ला दरवाजे, 4 सोफा सेट सहित कुल 274 नग चिरान जब्त किए गए। जब्त लकड़ी की मात्रा लगभग 1.061 घन मीटर आंकी गई है। इसके अलावा रमदा, बसूला, आरी, सिकंजा, कटर मशीन, टूल मशीन समेत कुल 29 औजार भी बरामद किए गए। मामले में वन अपराध प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। दूसरी बड़ी कार्रवाई जैतपुर वन परिक्षेत्र के ग्राम मौहार टोला (नगपुरा) मार्ग पर की गई। यहां संदिग्ध अवस्था में एक पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 18 जीए 5083 को रोका गया। वाहन चालक जुगेन्द्र यादव उम्र 18 वर्ष निवासी बैराग लकड़ी परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें लगभग 3 घन मीटर नीलगिरी लकड़ी लदी पाई गई। मध्य प्रदेश अभिवहन (वनोपज) नियम 2022 की विभिन्न धाराओं के उल्लंघन पर वन अपराध दर्ज करते हुए वाहन को जब्त कर लिया गया। वन विभाग ने साफ शब्दों में कहा है कि अवैध कटाई, भंडारण और परिवहन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आने वाले दिनों में ऐसे अभियान और तेज किए जाएंगे। विभाग की इस सख्ती से जिले में अवैध लकड़ी कारोबारियों की मुश्किलें बढऩा तय माना जा रहा है।

# धमोखर में मिला मृत तेंदुआ, बाघिन से भिडंत की आशंका

**उमरिया। जिले से सटे धमोखर वन परिक्षेत्र के जंगलों में शनिवार 13 दिसंबर को उस समय हडक़ंप मच गया, जब नियमित गश्त पर निकले वन कर्मियों को बद्रेहल बीट क्षेत्र में एक मृत तेंदुआ मिला। तेंदुए का शव मिलते ही वरिष्ठ वन अधिकारियों को सूचना दी गई और तत्काल मौके पर निरीक्षण एवं जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।**

### तेंदुए और बाघिन के बीच हुई थी जंग

स्थल निरीक्षण के दौरान जो शुरुआती साक्ष्य प्राप्त हुए हैं, वे बेहद चौंकाने वाले हैं। वन विभाग के अधिकारियों को घटनास्थल पर मादा बाघ (बाघिन) और तेंदुए दोनों के स्पष्ट पगचिह्न (पगमार्क) मिले हैं। इन साक्ष्यों और क्षेत्र की प्राकृतिक परिस्थितियों के आधार पर वन विभाग ने यह संकेत दिया है कि यह घटना जंगल के भीतर मांसाहारी वन्यजीवों के आपसी क्षेत्रीय संघर्ष का परिणाम हो सकती है।

### शिकार का एंगल खारिज

वन विभाग ने तत्काल यह स्पष्ट कर दिया है कि यह मामला अवैध शिकार का नहीं है। मृत तेंदुए के शरीर से उसके नाखून, दांत और मूंछें पूरी तरह से सुरक्षित पाई गई हैं, जो इस बात का स्पष्ट संकेत देते हैं कि इसमें किसी प्रकार का मानव हस्तक्षेप या अवैध गतिविधि नहीं हुई है। यह घटना प्राकृतिक वन्यजीव व्यवहार से संबंधित बताई जा रही है, जहां बड़े मांसाहारी जानवर अपने क्षेत्र पर प्रभुत्व स्थापित करने के लिए छोटे मांसाहारी जीवों से संघर्ष करते हैं। वन विभाग अब मानक संचालन प्रक्रिया और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक कार्रवाई कर रहा है। एहतियातन 6 किलोमीटर की परिधि में विशेष दल गठित करके सघन सर्चिंग और मॉनिटरिंग की जा रही है। जल्द ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के सही कारणों का खुलासा होने की उम्मीद है।

### अध्यक्ष ने स्वच्छता मित्रों को किया सम्मानित



**शहडोल।** जिला पंचायत में आयोजित सामान्य सभा बैठक के अवसर पर जिले के सक्रिय स्वच्छता साथियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम प्रजापति ने स्वच्छता मित्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके कार्य की सराहना की। इस अवसर पर प्रशिक्षित स्वच्छता साथियों द्वारा वाश ऑन व्हील चलित सेवा का प्रशिक्षण डेमो भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें आधुनिक उपकरणों के माध्यम से टॉयलेट की सुरक्षित एवं वैज्ञानिक सफाई प्रक्रिया की जानकारी दी गई।जिला समन्वयक स्वच्छता मिशन दिनेश मिश्रा ने बताया कि स्वच्छता सेवा मिशन के अंतर्गत वाश ऑन व्हील चलित सेवा प्रारंभ की गई है। इसके माध्यम से वाश ऑन व्हील एप के जरिए मांग आधारित टॉयलेट क्लीनिंग सेवा ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले के पांच विकासखंडों से जुड़े 28 क्लस्टरों के अंतर्गत 454 ग्रामों को योजना में शामिल किया गया है। अब तक 33 स्वच्छता साथियों का पंजीकरण किया जा चुका है। इनमें से 8 स्वच्छता साथियों को प्रशिक्षण दिया गया है तथा 6 स्वच्छता साथियों को आवश्यक किट प्रदान कर 8 सेक्टरों का आवंटन कर कार्य प्रारंभ कराया गया है। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती फूलवती सिंह, जिला पंचायत सदस्य सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अधिकारियों के बंगलों पर सेवा दे रहे लेबर

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय के पीडब्ल्यूडी विभाग के लेबर इधर-उधर अधिकारियों के बंगलों में ड्यिुटी करते नजर आते हैं, जबकि उन्हें वेतन विभाग से दिलाया जा रहा है। यह कार्य टाइम कीपर विद्या भूषण तिवारी द्वारा कराया जाता है, श्री तिवारी विभागीय लेबर बंगलों में भेजकर उन्हे उपकृत करते हैं। विभाग के एसडीओ मनोज दुबे काफी समय पहले सागर के लिए स्थानांतरित हो चुके हैं, फिर भी उनके घरौला वार्ड नंबर 13/18 स्थित समृद्धि आवास में एक लेबर स्थाई रूप से काम करता नजर आता है। यहां विशेष बात यह है कि यह व्यक्ति अपनी पत्नी के एवज में काम करता है, पीडब्यूडी की महिला कर्मचारी न तो दफ्तर जाती, न बंगले में आती घर बैठे वेतन लेती है। इसी तरह श्री तिवारी ने कई और जगह भी लेबर भेजकर बेगारी करा रहे हैं। इससे विभागीय कामकाज पर भारी असर पड़ रहा है।

# हाइवे पर डीजल लूटः चोर गैंग का पर्दाफाश



**शहडोल।** जिले में हाइवे पर डीजल चोरी और लूट की घटनाओं में लगातार वृद्धि के बाद पुलिस ने एक संगठित गैंग का पर्दाफाश कर दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। विगत कई महीनों से जिले से गुजरने वाले वाहनों से डीजल चोरी की घटनाएँ लगातार घटित हो रही थीं। इस पर पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने हाइवे के सभी थाना प्रभारियों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।निर्देशानुसार थाना गोहरपारू के प्रभारी राजकुमार मिश्रा एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय राघवेन्द्र द्विवेदी के कुशल निर्देशन में सघन हाइवे पेट्रोलिंग की गई। इसी दौरान ग्राम खैरबना नदी के पास बिना नंबर की बोलेरो वाहन को संदिग्ध अवस्था में देखा गया। वाहन को रोकने पर इसमें डीजल चोरी करने के उपकरण और डीजल की केनें बरामद की गई। वाहन चालक और साथियों ने वाहन छोडक़र जंगल में भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया।पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ में गैंग के अन्य सदस्यों और उनके पिछले अपराधों की जानकारी मिली। इसके बाद एक विशेष टीम गठित कर गैंग के अन्य सदस्यों की धरपकड़ की गई। पूछताछ में खुलासा हुआ कि गैंग ने 18 मई 2025 को खन्नौधी पेट्रोल पंप के पास, 9 दिसंबर को चूंदी नदी के पास ट्रक से जबरन डीजल लूटने और 12 दिसंबर को चंडीमाता मंदिर पेट्रोल पंप के पास ट्रक से डीजल चोरी जैसी कई घटनाओं को अंजाम दिया था।

पुलिस ने पवित्र उर्फ रोहित केवट पिता सुन्दर लाल केवट, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम सेमरा छिरहाई टोला, थाना बुढ़ार, लल्ला प्रजापति पिता ददन प्रजापति, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम देवगढ़ थाना जैतपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बोलेरो वाहन एमपी 20 टीए 1094 और 380 लीटर डीजल बरामद किया। इनकी कुल कीमत लगभग 10.35 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने इस सफलता में थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा, सहायक उपनिरीक्षक भागचंद चौधरी, महेश झा, प्रधान आरक्षक कोमल सिंह, राकेश शुक्ला, आरक्षक दीपक साहू, विनोद तिवारी, अजीत यादव और मोनू शर्मा की भूमिका को सराहनीय बताया है।

# नगर पालिका ने की अलाव की व्यवस्था

**शहडोल।** नगर पालिका शहडोल द्वारा नागरिकों के ठंड से बचाव के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला ने जानकारी देते हुए बताया कि कड़ाके की ठंड के मद्देनजर नगर के प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की गई है।उन्होंने बताया कि रात्रिकाल में यात्रा करने वाले लोगों, व्यवसायियों, ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों तथा निराश्रित एवं बेसहारा लोगों को ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह व्यवस्था की जा रही है। नगर पालिका के कर्मचारी नियमित रूप से रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, फुटपाथों सहित अन्य प्रमुख स्थानों का भ्रमण कर रहे हैं तथा खुले में रह रहे निराश्रित लोगों को रैन बसेरा पहुंचाया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हें गर्म कपड़े, कंबल एवं अलाव जैसी आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, गांधी चौक, कोटमा तिराहा, पाली रोड अस्पताल सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

### शपथ पत्र

मैं अजय कुमार वाधवानी पिता स्व. ठाकुर दास वाधवानी उम्र 44 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 04 बापू चौक अमलाई स्टेशन, थाना चचाई, तहसील व जिला अनूपपुर (म.प्र) का हूं। मैं शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूं, यह कि शपथकर्ता उपरोक्त पते का निवासी है, मेरा आधार नंबर 7252 9174 1498 है। यहकि मैं पुत्र हनु वाधवानी के वैधानिक माता-पिता/अभिभावक हूं। यहकि पुत्र हनु वाधवानी का जन्म 24 नवम्बर 2013 को हुआ था। यहकि पुत्र का पुराना नाम हनु वाधवानी (HANU VADHWANI) बच्चे का नाम था, जो कि हमारे द्वारा भूलवश अंकित हो गया था एवं हमारे द्वारा अपने बच्चे का नाम हनु वाधवानी (HANU VADHWANI) से दर्श वाधवानी (DARSH VADHWANI) रखना चाहते हैं, हम माता-पिता को कोई आपत्ति नहीं है, बल्कि पूर्ण सहमति है। यहकि भविष्य में हमारे पुत्र को दर्श वाधवानी (DARSH VADHWANI) के नाम से ही जाना और पहचाना जायेगा। यहकि यह नाम परिवर्तन पूरी तरह स्वेच्छिक है तथा किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या गलत उद्देश्य के लिए नहीं किया जा रहा है। यहकि यह शपथ पत्र सरकारी अभिलेखों, स्कूल रिकार्ड, पहचान पत्र, जन्म प्रमाण पत्र तथा राज पत्र (गजट) में नाम सुधार हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है।

हस्ताक्षर
शपथकर्ता

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी बार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसबानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर बार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा बार्ड न.14, 761. बासुदेव बर्मा पिता\पति विश्राम बर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंडे पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा बार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई बार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- बार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. धुरव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### साइबर सिक्योरिटी का प्रशिक्षण संपन्न



**उमरिया।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत साइबर सिक्योरिटी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल उमरिया एवं ब्रम्हर्षि बाबरा स्कूल उमरिया में आयोजित किया गया। इस अवसर पर इंटरनेट, कंप्यूटर, मोबाइल और डेटा को अनाधिकृत पहुंच, हैकिंग, वायरस और ऑनलाइन धोखाधड़ी से सुरक्षित रखना, साइबर सुरक्षा के उपाय ,पोक्सो एक्ट,साइबर सुरक्षा,इत्यादि विषय पर विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय अरुण प्रताप सिंह द्वारा बच्चों को विधिक प्राधिकरण में दी जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी दी। केस वर्कर दिव्या तिवारी द्वारा बाल विवाह जैसे अपराधों को जड़ से समाप्त करने एवं बालिकाओं को सुरक्षा एवं आत्मरक्षा का प्रशिक्षण अवसर उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर चर्चा की, साथ ही वन स्टॉप सेंटर में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में एवं टोल फ्री नंबर 1930,112,1098,181बारे मे बताया गया। छळ० चौतन्य वॉइस से जिला समन्वयक प्रियंका प्रजापति द्वारा बढ़ते अपराध को रोकथाम हेतु कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी दी। वन स्टॉप सेंटर से सेंटर एडमिनिस्ट्रेटर अनीता चौरसिया द्वारा जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम विषय पर भी चर्चा की गई। चौतन्य वॉइस की फील्ड एसोसिएट सीमा सिंह द्वारा कार्यक्रम मे उपस्थित प्रतिभागियों को साइबर संबंधित अन्य विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम मे स्कूल के छात्र-छात्राएं समस्त शिक्षक,शिक्षिका,उपस्थित रहे।

### जमीनी विवाद में युवक का सिर फोड़ा

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** थाना अंतर्गत पचखुरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर जमकर मारपीट किए जाने से युवक के सिर फोड़े जाने का मामला सामने आया है। सुखलाल कोल के द्वारा सूबेलाल चौधरी के ऊपर लाठी डंडों से प्रहार करने से सिर में चोट आने के साथ खून बहने लगा साथ ही हाथ, पांव में चोट आई है। बताया जाता है कि फरियादी सूबेलाल सब्जी बो रहा था जिस पर आरोपी अपनी जमीन बताते हुए विवाद कर गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया और जान से खत्म करने की धमकी भी दी गई। शिकायत एवं मेडिकल पर पुलिस जांच कर रही है। घायल का इलाज जारी है।

### 17 दिसंबर को होगी पहले उर्स की शुरुआत

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** खानकाहे शमसिया अशरफिया हुसैनिया लहसुई शरीफ कोतमा में शहज़ादा ए हुज़ूर हुसैनी मियाँ सैय्यद ताहिर अशरफ साहब किबला के सरपरस्ती में आगामी 17 दिसम्बर से सरकार हुसैनी मियाँ रहमात्तुल्लाहअलैह का पहले उर्स की शुरुआत होगी जिसमें विभिन्य प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन होंगे। 17 दिसम्बर को सुबह 9 बजे करआन ख्वानी शाम 4 बजे के बाद परचम कुसाई से उर्स का आगाज होगा शाम 7बजे नात व मनकबत का प्रोग्राम होगा 18 दिसम्बर को सुबह 9 बजे कुरआन ख्वानी शाम 7:14 बजे कुल शरीफ उसके बाद मशाइख ए रायचूर कॉन्फ्रेंस का आयोजन होगा जिसमें मुल्क भर से आए बड़े बड़े ओलमा ए किराम की तकरीर होगी 19 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे से औरतो का जलसा होगा जिसमे मुल्क भर से आलिमाए आ रही है। उसके बाद उर्स का समापन होगा।

### पुरानी रंजिश पर मारपीट

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** थाना अंतर्गत पुष्पेंद्र सिंह गोंड 30 वर्ष निवासी छपरा टोला बिजहा के साथ राजन सिंह एवं नारायण पनिका के द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी को लेकर मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों के द्वारा लाठी डंडों से मारपीट करने पर सिर में चोट आने के साथ बाएं हाथ में भी घाव है। घायल की शिकायत एवं मेडिकल उपरांत पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज करते हुए जांच की जा रही है।

## नियमित गणना के दौरान खुली जंगल की काली करतूत-डीएफओ के निर्देश पर सख्त घेराबंदी

# चंदिया में बाघ का शव मिलने से हड़कंप

उमरिया।

**जिले के सामान्य वन मंडल अंतर्गत चंदिया वन परिक्षेत्र में वन्यजीव संरक्षण पर गंभीर सवाल खड़ा हो गया है। शनिवार को उस समय जंगल में हडक्रंप मच गया, जब क्षेत्र में चल रही नियमित बाघ गणना के दौरान जंगल के अंदर एक बाघ का शव बरामद हुआ। यह घटना वन्यजीव प्रेमियों और स्थानीय प्रशासन दोनों के लिए चिंता का विषय बन गई है, क्योंकि बाघ की मौत के कारण पूरी तरह से संदिग्ध बने हुए हैं, जिससे शिकार या करंट से मौत की आशंका को बल मिल रहा है। मामला चंदिया वन परिक्षेत्र के आरएफ 10 क्षेत्र का है। सुबह के समय गश्ती दल को कथली नदी के किनारे बाघ का शव दिखाई दिया। तत्काल इसकी सूचना वन विभाग के उच्च अधिकारियों को दी गई।**





### जंगल में सख्त घेराबंदी, शुरू हुई हाई-लेवल जांच

सूचना मिलते ही जिला वन अधिकारी विवेक सिंह के निर्देश पर वन विभाग का पूरा अमला तुरंत मौके पर पहुंच गया। एसडीओ कुलदीप त्रिपाठी सहित चंदिया वन परिक्षेत्र के अधिकारी-कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए पूरे घटनास्थल को तत्काल प्रभाव से सुरक्षा घेरे में ले लिया है। प्रारंभिक जांच में बाघ की मौत को संदिग्ध मानते हुए किसी भी संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जा रहा है। वन विभाग ने घटनास्थल के आस-पास रस्सियों से सख्त घेराबंदी की है, ताकि किसी भी तरह के साक्ष्यों को सुरक्षित रखा जा सके।

### बिजली लाइन की हो रही बारीकी से जांच

जांच को और पुख्ता बनाने के लिए विभाग ने तत्काल डॉग स्क्वॉड को भी मौके पर बुला लिया है, जो घटनास्थल के आस-पास के क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों और तस्करों के पैरों के निशान तलाश रहा है। जांच में सबसे महत्वपूर्ण पहलू जो सामने आया है, वह है घटनास्थल के पास से गुजर रही बिजली लाइन। वन अमला इसकी बारीकी से पड़ताल कर रहा है। आशंका जताई जा रही है कि अवैध शिकार के लिए बिछाए गए फंदे या किसी तकनीकी गड़बड़ी के कारण करंट लगने से तो बाघ की मौत नहीं हुई है। हालांकि अधिकारी अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचे हैं और सभी की निगाहें पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी हुई हैं। डीएफओ विवेक सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जांच सभी पहलुओं पर पूरी गंभीरता से की जाए। उन्होंने कहा हम इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही या आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेंगे। यदि जांच में शिकार या वन्यजीव अपराध का कोई मामला सामने आता है, तो संबंधित अपराधियों के खिलाफ़ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बाघ की मौजूदगी पर गंभीर सवाल

चंदिया वन परिक्षेत्र बाघों की आवाजाही और मौजूदगी के लिए जाना जाता है। ऐसे में इस क्षेत्र में बाघ का संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया जाना वन्यजीव संरक्षण के दावों पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। यह घटना दर्शाती है कि वन्यजीवों की सुरक्षा में कहीं न कहीं गंभीर चूक हुई है, जिसका खामियाजा एक संरक्षित वन्यजीव को भुगतना पड़ा है। वन्यजीव प्रेमियों ने इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए विभाग से मांग की है कि जांच को उच्च स्तरीय बनाया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि दोषी किसी भी हालत में बच न पाए। वन विभाग ने पूरी पारदर्शिता का भरोसा दिया है, लेकिन अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि बाघ की मौत की असली वजह क्या है और क्या विभाग जल्द ही जंगल के इस रहस्य को सुलझा पाएगा।

## कलेक्टर ने अपनी मां की स्मृति में नगरवासियों को दी वाटर कूलर की सौगात



**विधायक बांधवगढ़ ने फीता काटकर किया शुभारंभ**

**उमरिया।** वाटर कूलर से दिन भर यहां से गुजरने वाले लोगो को ठंडा पानी मिल सकेगा। इसके साथ ही इसका लाभ अन्य जनों को भी मिलेगा। नागरिकों की प्यास बुझाने में मददगार साबित होगा। उक्त आशय के विचार बांधवगढ क्षेत्र के विधायक शिवनारायण सिंह ने मंगल भवन परिसर में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन द्वारा अपनी मां स्व. श्रीमती गुलाब बाई की स्मृति में स्थापित किए वाटर कूलर का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। उन्होने नागरिको से अपील करते हुए कहा कि सभी लोगों का यह नैतिक कर्तव्य बनता है कि वाटर कूलर का उपयोग करते समय पानी को बेकार में न बहने दिया जाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि वाटर कूलर के माध्यम से मां स्व. श्रीमती गुलाब बाई की स्मृति में यह वाटर कूलर नागरिको को समर्पित किया गया है। राहगीरों के शीतल जल की व्यवस्था करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। वाटर कूलर का लाभ राहीगरों के साथ साथ स्थानीय व्यापारियों को भी मिलेगा। कार्यक्रम में विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, पत्नी सीमा जैन पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी ने वाटर कूलर का फीता काटकर नागरिको को समर्पित किया तथा पानी का स्वाद भी चखा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, अमित सिंह, प्रभारी एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, सीएमओ उमरिया किशन सिंह, शंभू लाल खट्टर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## दुकानदार कर रहे आवागमन बाधित



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर के पोस्ट ऑफिस के पास सड़क के दोनों ओर वाहनों के जमाने के साथ ही लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर दुकान लगाई जा रही है साथ ही दुकानों के बोर्ड सड़क पर ही रख दिए जाते हैं जिसके कारण प्रतिदिन आवागमन बाधित होता है साथ ही ठेला मे लगा रहे दुकानदारों के द्वारा दुकान का कचरा फेंक दिया जाता है जिसके कारण मूक पशु इकट्ठा हो जाते हैं गंदगी तो फैलती ही है साथ ही आवागमन भी बाधित होता है जब इस संबंध में पोस्ट ऑफिस अधीक्षक से बात की गई तो उनका कहना है कि पोस्ट ऑफिस के नीचे ही दुकानदार के द्वारा ठेले में दुकान संचालित किया जा रहा है जिसके कारण पोस्ट ऑफिस में आने वाले उपभोक्ताओं को अपने वाहन को सड़क पर ही खड़ा करना पड़ता है साथ ही हर समय गंदगी भी बनी रहती है इस और ना तो यातायात विभाग और ना ही नगर पालिका ध्यान दे रही है।

## विकटगंज में युवक ने फांसी लगा कर दी जान, क्षेत्र में पसरा सन्नाटा

### आत्मघाती कदम के पीछे का कारण अज्ञात, पुलिस जांच में जुटी

**उमरिया। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत विकटगंज से शनिवार को एक अत्यंत हृदय विदारक घटना सामने आई है, जहाँ एक युवा जीवन असमय समाप्त हो गया। यहाँ रहने वाले युवक संदीप राय ने अपने निवास पर फांसी का फंदा लगाकर आत्मघाती कदम उठा लिया, जिससे मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई।**

इस दुखद घटना की जानकारी मिलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के चीखने-चिल्लाने की आवाजें सुनकर आस-पड़ोस के लोग इक_ा हो गए। घटना के बाद से घर में मातम पसर गया है, और किसी को विश्वास नहीं हो रहा कि संदीप ने यह कठोर निर्णय क्यों लिया।

**पुलिस ने शुरू की वैधानिक कार्रवाई**

फिलहाल, युवक के आत्मघाती कदम उठाने के वास्तविक कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। परिजनों ने तुरंत इस दर्दनाक घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस का अमला मौके पर पहुँचा और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक संदीप राय के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की। अब पुलिस इस बात की गहराई से जांच कर रही है कि किन तनावों या परिस्थितियों ने युवक को इतना कठोर कदम उठाने पर मजबूर किया। यह दुखद घटना पूरे विकटगंज और आस-पास के क्षेत्र में गहरे शोक का कारण बनी हुई है।



## जल जीवन मिशन अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

**समय सीमा में समस्त कार्यों को पूर्ण करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश**

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कलेक्टर सभागार में जल जीवन मिशन अंतर्गत चल रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होने ठेकेदारो व्द्वारा समय सीमा में कार्य पूर्ण नही करने पर नोटिस एवं जुर्माने की कार्यवाही करने के निर्देश कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग को दिए। उन्होंने कहा कि जहां पर बिजली की समस्या है, वहां पर एमपीईबी के माध्यम से बिजली की व्यवस्था की जाए, ताकि आम जनों को सुगमता के साथ पानी उपलब्ध हो सके। उन्होंने वन मंडला अधिकारी को निर्देश दिए कि वन विभाग में एफआरए के तहत प्रोजेक्ट बनाने में एनपीव्ही की राशि का प्राक्कलन दर्ज किया जाए।

बैठक में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय एच एस धुर्वे ने बताया कि जिले में कुल 261 समूह योजना, 291 एकल योजना, जिसमें आवश्यकता 16 तथा 1 स्वीकृत हेतु शेष नल जल योजना है। करकेली विकासखंड के देवगवां खुर्द में जल जीवन मिशन अंतर्गत 74.9 लाख रूपये की लागत से निर्मित कार्य का भौतिक प्रतिशत 90 प्रतिशत है। ग्राम पंचायत आमाडोगरी में 91 लाख रूपये की लागत से निर्मित कार्य का भौतिक प्रतिशत 95 प्रतिशत, ग्राम पंचायत छांदाकला में 102 लाख रूपये की लागत से निर्मित कार्य का भौतिक प्रतिशत 95 प्रतिशत, ग्राम पंचायत डगडौआ में 94.05 लाख रूपये की लागत से निर्मित कार्य का भौतिक प्रतिशत 85 प्रतिशत, ग्राम पंचायत पिनौरा में 95.14 लाख रूपये की लागत से निर्मित कार्य का भौतिक प्रतिशत 90 प्रतिशत है। करकेली विकासखंड खंड के करही में 69.03 लाख रूपये की लागत से निर्मित कार्य का भौतिक प्रतिशत 85 प्रतिशत है, जिसे 20 दिसंबर तक पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने करकेली विकासखंड के ग्राम पंचायत उंचेहरा, कठौतिया , सिंहपुर, किरनताल कला, मानिकपुर, जलधरा, कोहका 82 , डगडौआ , झांपी, पूंछी, पिनौरा, झिलमिली तथा मानपुर एवं पाली विकासखंड में जल जीवन मिशन अंतर्गत चल रहे कार्यों में प्रगति की जानकारी प्राप्त की। समीक्षा बैठक में बताया गया कि ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के तहत करकेली विकासखंड अंतर्गत आकाशकोट में 136.49 करोड रूपये की लागत से निर्मित योजना में 47.46 प्रतिशत भौतिक, 42.71 प्रतिशत वित्तीय प्रगति है। इसी तरह मानपुर में 49.08 करोड रूपये की लागत से निर्मित समूह जल प्रदाय योजना में शत प्रतिशत भौतिक, 96 प्रतिशत वित्तीय प्रगति , मानपुर रेट्रो कार्य में लागत 6.85 करोड में 98.75 भौतिक तथा 69.07 वित्तीय, करनपुरा - 1 में 116.38 करोड रूपये की लागत से निर्मित परियोजना में शत प्रतिशत भौतिक तथा 97.77 वित्तींय प्रगति, इंद्वार -1 में 221.72 करोड रूपये की लागत से निर्मित समूह जल प्रदाय योजना में 98.82 भौतिक , 98.70 वित्तीय प्रगति, बल्हौड समूह जल प्रदाय योजना में 42.04 करोड रूपये की लागत से निर्मित कार्य में 97.81 भौतिक तथा 91.59 वित्तीय प्रगति है , जिस पर कलेक्टर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, प्रबंधक जल जीवन मिशन सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



## सिविल न्यायालय राजेन्द्रग्राम में नेशनल लोक अदालत संपन्न



**हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल, विनोद कुमार वर्मा व्यवहार न्यायाधीश/सचिव के मार्गदर्शन में 13 दिसंबर को सिविल न्यायालय राजेन्द्रग्राम में नेशनल लोक अदालत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, सिविल न्यायालय राजेन्द्रग्राम पवन कुमार शंखवार के द्वारा मॉ सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यापर्ण कर किया गया। इस अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट वारिष्ठ खण्ड सुनील कुमार खरे, न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ खण्ड निखिल सिंघई एवं अधिकारी, कर्मचारी सहित सम्मस्त अधिवक्तागण व आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुये अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अधिवक्ता एवं पक्षकारों को संबोधित करते हुये कहा कि आप सभी के सहयोग से अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। उक्त लोक अदालत में न्यायालय में लंबित समझौता योग्य आपराधिक, दीवानी, पारिवारिक, वैवाहिक, धारा 138 एन.आई.एक्ट के प्रकरण व अन्य प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरण निराकृत कराई गई। कुल निराकृत प्रकरण-124 मे एच.एम.-09, क्लेम-02 क्रिमनल-18, सिविल-13, (एन.आई.एक्ट138)-04, अन्य-78 वसूली राशि 3455422 रूपये की हुई। प्रीलिटिगेशन बैंक रिकवरी प्रकरण-25 मे वसूली राशि-1223300 रूपये हुई।

## नेशनल लोक अदालत संपन्न

**उमरिया।** जन-जन तक न्याय सुलभ कराने के उद्देश्य की अवधारणा को साकार रूप प्रदान करने के लिये 13 दिसम्बर 2025 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रियदर्शन शर्मा, के निर्देशन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु 10 खण्डपीठों का गठन किया गया था। जिसमें से 08 जिला न्यायालय उमरिया में 01 खण्डपीठ तहसील न्यायालय बीरसिंहपुर पाली एवं 01 खण्डपीठ तहसील न्यायालय मानपुर में गठित की गई। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ अरूण प्रताप सिंह, प्रधान जिला न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय द्वारा मॉ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर नजमा बेगम, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अहमद रजा, नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रामसहारे राज, विशेष न्यायाधीश, तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दीपक कुमार अग्रवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उमरिया, श्रीमती वीणा खलखो, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, श्री आशीष धुर्वे, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, सरफराज खान, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, पल्लवी सिंह, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, जिविसेप्रा के कर्मचारीगण, जिला न्यायालय के कर्मचारीगण, पैनल अधिवक्ता,सुलहकर्ता अधिवक्ता, लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम के कर्मचारीगण एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे, उपस्थित समस्त जनों के अपने वक्तव्य प्रस्तुत किये।







## दहरा नाल में जल संचय अभियान



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** मध्य प्रदेश शासन के मनसा अनुरूप जल संचय अभियान 15 नवंबर से 30 दिसंबर तक किया जा रहा है जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत कोतमा विकासखंड के सेक्टर क्रमांक 4 बैहाटोला के दोवरी दहरा नाल में बोरी बंधान कार्यक्रम किया गया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था जीएस हितकारिणी समिति कोतमा एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बैहाटोला के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम मे सचिव ओंकार सिंह ने बताया कि बोरी वधान द्वारा जल संरक्षण एक सरल सस्ता और प्रभावी तरीका है इससे भूजल स्तर बढ़ता है पानी धीरे-धीरे जमीन में रिश्ता है जिस कारण से आसपास के हैंड पंप कुआँ, ट्यूबवेल आदि में पानी बना रहता है तथा यह तरीका कम लागत में जल्दी निर्माण और गांव में खेती के लिए उपयोगी तथा सुखे के समय में पानी की उपलब्धता बनी रहती है। सरपंच कंचन सिंह ने बताया कि जल संरक्षण का अर्थ है पानी का समुचित सावधानी पूर्वक और जिम्मेदारी से उपयोग करना तथा पानी की बर्बादी रोकी जा सके और भविष्य के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध रहे इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बैहाटोला की सरपंच श्रीमती कंचन सिंह ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कि अध्यक्ष श्रीमती निर्मला सिंह व सचिव प्रदीप सिंह सदस्य राजकुमार सिंह मूलचंद कुसुम सिंह रूपन केवट कामता सिंह समाजसेवी रफीक खान उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बाल विवाह रोकथाम को लेकर चलाया गया हस्ताक्षर अभियान




**शहडोल।** भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में बाल विवाह की रोकथाम हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्य विभागों एवं समाज के सहयोग से जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट परिसर में बाल विवाह रोकने के उद्देश्य से जागरूकता हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई। अभियान का शुभारंभ कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ पत्र पर हस्ताक्षर कर बाल विवाह के विरुद्ध जनजागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्र, जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) अमरनाथ सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि बाल विवाह करना कानूनन अपराध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विवाह के लिए युवक की न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं युवती की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है। इन प्रावधानों का उल्लंघन दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना प्राप्त हो तो तत्काल दूरभाष नंबर 1098, महिला एवं बाल विकास विभाग के अमले अथवा संबंधित थाने को सूचित करें। सामूहिक प्रयासों से ही शहडोल जिले को बाल विवाह मुक्त बनाया जा सकता है।

### कमिश्नर ने मतदान केंद्रों का किया औचक निरीक्षण



**शहडोल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र क्रमांक 140, 123 एवं 124 सहित अन्य मतदान केंद्रों का भ्रमण कर संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन से संबंधित जानकारी प्राप्त की। कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं स्थायी रूप से अन्यत्र चले गए मतदाताओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि मतदाता सूची का वाचन कर ग्राम चौपाल एवं वार्ड चौपाल के माध्यम से ऐसे मतदाताओं के संबंध में सटीक जानकारी एकत्र की जाए। जिन पात्र मतदाताओं की जानकारी उपलब्ध हो, उनके नाम नियमानुसार मतदाता सूची में जोडने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

### सीधी सांसद के जन्मदिन पर सिविल अस्पताल में पौधारोपण व फल वितरण



**जयसिंहनगर।** सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा का जन्मदिन भाजपा जयसिंहनगर के कार्यकर्ताओं द्वारा सिविल अस्पताल जयसिंहनगर परिसर में सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण एवं फल वितरण कर सांसद को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।गौरतलब है कि सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर लोकसभा क्षेत्र के नागरिकों एवं शुभचिंतकों से होर्डिंग, फ्लेक्स एवं अनावश्यक प्रदर्शन से परहेज करते हुए पौधारोपण एवं समाजसेवा से जुड़े कार्य करने की अपील की थी। इसी क्रम में जयसिंहनगर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सिविल अस्पताल परिसर में नींबू, आंवला, चीकू एवं अमरूद जैसे फलदार पौधों का रोपण किया गया।इसके पश्चात सिविल अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों के बीच फल वितरण किया गया। कार्यकर्ताओं ने इसे सेवा, संवेदना एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश बताते हुए सांसद के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।इस अवसर पर भाजपा जयसिंहनगर मंडल अध्यक्ष जय श्री कचेर, बूथ अध्यक्ष शिवलाल यादव, प्रभारी बीएमओ डॉ. आर.पी. सिंह, जे.पी. गुप्ता, पवन गुप्ता सहित अस्पताल स्टाफ एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सरस्वती शिशु मंदिर धनपुरी में सम्मान समारोह





### अग्निवीर शिवाजी पासी व स्नेह कमल ऑर्गनाइजेशन की संस्थापक डॉ.के.एन.गुप्ता, श्रीमती स्नेहलता गुप्ता का सम्मान

**धनपुरी।** सरस्वती शिशु मंदिर धनपुरी में शनिवार को आयोजित सम्मान समारोह गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। विद्यालय के पूर्व छात्र एवं देशसेवा में समर्पित अग्निवीर शिवाजी पासी तथा स्नेहकमल ऑर्गनाइजेशन के संस्थापक डॉ. के.एन. गुप्ता एवं श्रीमती स्नेहलता गुप्ता को संस्था परिवार द्वारा विशेष सम्मान प्रदान किया गया। स्नेहकमल ऑर्गनाइजेशन द्वारा बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विद्यालय को मैट एवं मार्कर बोर्ड प्रदान किए गए, जिसे विद्यालय परिवार ने सराहनीय सहयोग बताते हुए आभार व्यक्त किया।

अध्यक्ष शालिनी सरावगी रहीं मुख्य अतिथि कार्यक्रम में नगर परिषद बुढ़ार की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ लीनेस क्लब बुढ़ार की मातृशक्तियों की उपस्थिति ने समारोह को भव्यता प्रदान की।

### दीप प्रज्वलन से हुई कार्यक्रम की शुरुआत

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने अपने प्रेरक विचार रखे तथा विद्यालय की प्रगति व बच्चों के सर्वांगीण विकास की कामना की।

### अतिथियों का सम्मान

समारोह में विशेष रूप से —श्रीमती शालिनी सरावगी अग्निवीर शिवाजी पासी,श्रीमती स्नेहलता गुप्ता,डॉ. के.एन.गुप्ता,डॉ.आशा जैन, सुभाष गुप्ता, शैला गुप्ता,रमेश पासी,प्रतिमा जैन,अंजू अग्रवाल,अंशु जैन,सरिता अग्रवाल,श्रद्धा राजपूत की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय प्रबंधन से व्यवस्थापक ऋषि शुक्ला, सह-व्यवस्थापक शशि विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष मोहन सोनी, गणेश हथगेन सहित विद्यालय परिवार, आचार्यगण, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में भैया-बहन उपस्थित रहे।

### स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया सम्मानित

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में अग्निवीर शिवाजी पासी तथा श्रीमती स्नेहलता गुप्ता को समिति द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपस्थित जनों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।समारोह के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

## नपा ने लोक अदालत में राजस्व, संपत्ति कर पौने चार लाख जमा करायें सीएमओ की मेहनत रंग लाई



**बुढ़ार।** नगर परिषद के द्वारा नगर में पिछले दो दिनों से नपा के बकायादारों को माइक के द्वारा नगर में अलाउंस कराकर बकाया जमा करने के लिए लोक अदालत में पहुंचने का आग्रह किया था जिसके फलस्वरूप शनिवार को लोक अदालत में नगर परिषद की सर्वाधिक बसूली की गई है।सीएमओ सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि पहली बार हमारे यहां राजस्व एवं संपत्ति कर की वसूली में तीव्रता आई फलस्वरूप 3 लाख 88 हजार रुपए बकायादारों ने जमा किया है। सीएमओ श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले कई सालों से राजस्व एवं संपत्ति कर की वसूली वार्ड वासियों के द्वारा नहीं की जा रही थी जिन्हें नोटिस देकर ब्याज दरों में छूट देकर राजस्व की वसूली की गई है।

## मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की प्रांतीय बैठक में संगठन मंत्रियों का मनोनयन



**शहडोल। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक 06 एवं 07 दिसंबर 2025 को मानस भवन, गुना में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन का विस्तार, मजबूती और आगामी कार्ययोजनाओं पर रणनीति तैयार करना था। बैठक में प्रदेश के सभी संभागों में संगठन मंत्री और सह संगठन मंत्री के पदों पर मनोनयन किया गया। शहडोल संभाग के लिए संगठन मंत्री के पद पर अनूपपुर से नरेंद्र कुमार पटेल का मनोनयन किया गया। सह संगठन मंत्री के रूप में शहडोल से अनिल कुमार द्विवेदी और उमरिया से विष्णुदास मिश्रा को जिम्मेदारी सौंपी गई। यह मनोनयन संभाग से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर सर्वसम्मति से किया गया, जिस पर संघ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।**

बैठक में अखिल भारतीय संगठन मंत्री ने संगठनात्मक मजबूती पर विशेष जोर देते हुए प्रत्येक विकासखंड में मंडल रचना पूर्ण करने और 21 से 25 दिसंबर तक जिला स्तरीय बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही सदस्यता अभियान, संगठन की त्वरित सूचना प्रणाली और हमारा विद्यालय-हमारा तीर्थ अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष रामशंकर मिश्रा ने नव शिक्षक संवर्ग से जुड़ी महत्वपूर्ण समस्याओं जैसे नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता, निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा और अर्जित अवकाश के नगदीकरण सहित सात मांगों का लिखित प्रस्ताव प्रांतीय मंच पर प्रस्तुत किया। वहीं जिला सचिव विनोद कुमार सिंह ने जनजातीय कार्य विभाग की ई-अटेंडेंस प्रणाली, उच्च पदनाम और पारी बाहर पदोन्नति जैसी जटिल समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारी, शिक्षक संघ के कार्यकर्ता और बधाईदाताओं ने नवमनोनित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

## रेल्वे स्टेशन बुढार में अतिमहत्वपूर्ण यात्री ट्रेनों के ठहराव एवं सुविधाओं की मांग, अब आश्वासनों तक सीमित



**बुढार।** कोयलांचल क्षेत्र के महत्वपूर्ण रेल्वे स्टेशन बुढार में अतिमहत्वपूर्ण यात्री ट्रेनों के ठहराव तथा यात्री सुविधाओं के विस्तार की दिशा में न्याय संगत मांग समय-समय पर उठाई जाती रही है, किंतु एक लम्बा अर्सा गुजर जाने के बाद मात्र कोरा आश्वासन ही मिला और जनप्रतिनिधियों के पहल का वास्तविक परिणाम सामने नहीं आ सका, जिससे नगर तथा आसपास के ग्रामीण अंचल के नागरिकों में व्यापक असंतोष बना हुआ है।धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से पुण्य सलिला अमरकंटक से पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा की सौगात अर्जित करायी जा सकी है, जिसका लाभ अमरकंटक से जबलपुर तथा बांधवगढ़ के लिये हेलीकॉप्टर सुविधा का लाभ यात्रियों को इन दिनों नित्य मिल रहा है, जो अतिप्रशंसनीय व स्वागत योग्य बना हुआ है, किंतु बुढार रेल्वे स्टेशन से दुर्ग-नवतनवा ट्रेन के ठहराव की पुरजोर मांग की जा रही है, जिससे श्रीराम जी की जन्म स्थली अयोध्या में श्रद्धालुजन भगवान श्रीराम जी का दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित कर सके और सरयू नदी में स्नान कर अपना जीवन सौभाग्यमय बना सके इस दिशा में संसदीय क्षेत्र की संसद तथा क्षेत्रीय विधायक से मांग की जाने लगी है।सामाजिक कार्यकर्ता रोहिणी प्रसाद गर्ग ने कहाकि-बुढार नगर के अतिमहत्वपूर्ण रेल्वे स्टेशन को यात्री हित में सौगात अर्जित करायी जानी चाहिये किंतु मात्र आश्वासनों तक ही समस्या रह गई है। श्री गर्ग ने कहाकि-नागपुर शहडोल यात्री ट्रेन का विस्तार किया जाकर इतवारी तक ट्रेन चलवाये जाने तथा मुंबई तक एक सीधी ट्रेन की सौगात अर्जित करवाया जाना यात्री हित में अत्यावश्यक बना हुआ है। यात्री सुविधाओं की दिशा में रचनात्मक पहल करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता रोहिणी प्रसाद गर्ग ने बताया कि-दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर के महाप्रबंधक के प्रवास के दौरान-गत 4 जुलाई को सर्वदलीय प्रतिनिध मंडल के साथ मांग पत्र सौंपा गया था, और 29 जुलाई को तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल डी.आर.एम. से मिलकर 5 सूत्रीय मांग पत्र यात्री हित में सौंपा गया था, जिस पर रेल्वे द्वारा आश्वस्त कराया गया, कि दिए गए मांग पत्र पर 4 सूत्रीय मांगों को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, किंतु अर्सा तीन माह बीतने चले उक्त समस्या का समाधान भी अभी तक नहीं हो सका जिसे यात्री हित में उचित नहीं कहा जा सकता है।

## शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढ़ार में विश्व मानव अधिकार दिवस पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**बुढार।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व मानव अधिकार दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व मानव अधिकार दिवस कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय सुशील कुमार अग्रवाल के मुख्यातिथ तथा न्यायधीश मा. ऋषभ दीक्षित, मा. लक्ष्मण रोहित एवं प्राचार्य डॉ. श्रीमती गंगा मिश्रा के आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया।महाविद्यालयीन छात्रों को अतिथियों ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहाकि-राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग(एन.एच.आर.सी.) एक स्वतंत्र वैधानिक संस्था है, जिसकी स्थापना मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के प्रावधानों के तहत 12 अक्टूबर, 1993 को की गई थी और विश्व युद्ध के उपरान्त 1948 में विश्व मानव अधिकार दिवस को मनाया जाने लगा।मानवाधिकार आयोग का मुख्यालय नई दिल्ली में है, यह संविधान द्वारा दिये गए मानवाधिकारों जैसे - जीवन का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार और समानता का अधिकार आदि की रक्षा करता है और उनके प्रहरी के रूप में कार्य करता है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहाकि-मानवाधिकारसंयुक्त राष्ट्र(यू.एन.) की परिभाषा के अनुसार ये अधिकार जाति, लिंग, राष्ट्रीयता, भाषा, धर्म या किसी अन्य आधार पर भेदभाव किये बिना सभी को प्राप्त हैं और मानवाधिकारों में मुख्यतः जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति का अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार और काम एवं शिक्षा का अधिकार, शामिल हैं। कार्यक्रम के अतिथियों ने बताया कि-कोई भी व्यक्ति बिना किसी भेदभाव के इन अधिकारों को प्राप्त करने का हक़दार होता हैं इसका कार्य देश में मानवाधिकारों (जीवन, स्वतंत्रता, समानता और सम्मान के अधिकार) की रक्षा करना और उन्हें बढ़ावा देना है, जो संविधान और अंतर्राष्ट्रीय संधियों द्वारा गारंटीकृत हैं। यह एक प्रहरी की तरह काम करता है, शिकायतों की जांच करता है, और मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाता है, यह एक परामर्शदात्री निकाय है। कार्यक्रम अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. नागमणि मानिकपुरी, डॉ. आर.सी.त्रिपाठी, डॉ. स्वल्किन खान, डॉ. विनय कुमार सोनवानी डॉ. आई.के. बेक, डॉ. मनोज कुजूर, डॉ.शिव मूरत प्रजापति, डॉ. अनूप सेन, डॉ. दिनेश वर्मा, जयशंकर सिंह, कमलेश प्रजापति, दीपक पटेल,शशि मोहन सेन, डॉ. ममता द्विवेदी, श्रीमती रानी पटेल की उपस्थिति रही।कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ.राधेश्याम नापित ने किया।

## 16 को होगा एमजीएम विद्यालय का वार्षिकोत्सव



### ऐतिहासिक आयोजन की तैयारियां पूर्ण

**धनपुरी।** शिक्षा, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों की मजबूत परंपरा को आगे बढ़ाते हुए एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल, धनपुरी अपने वार्षिकोत्सव समारोह आरोहन-2025 का भव्य आयोजन आगामी 16 दिसंबर, मंगलवार को सायं 5 बजे विद्यालय परिसर में करने जा रहा है। इस आयोजन को लेकर विद्यालय प्रबंधन एवं पालक-शिक्षक संघ द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में कार्यक्रम से जुड़ी विस्तृत जानकारियां साझा की गई और इसे अब तक का सबसे भव्य व स्मरणीय आयोजन बताया गया।पत्रकारवार्ता में बताया गया कि आरोहन-2025 केवल एक वार्षिक उत्सव नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और भविष्य की उड़ान का प्रतीक है। कार्यक्रम में शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ सांस्कृतिक, नैतिक और सामाजिक मूल्यों को भी प्रमुखता से प्रस्तुत किया जाएगा। मंच से विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, संगीत, नाट्य मंचन, समूह गीत एवं देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी, जिनके माध्यम से सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय चेतना का संदेश दिया जाएगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता हिज ग्रेस एलेक्सियोस मार यूसेबियस, मैनेजर बिशप, एमजीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस करेंगे। इस गरिमामयी अवसर पर शहडोल कलेक्टर केदार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि नगर पालिका परिषद धनपुरी की अध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छाबड़ा एवं एसईसीएल सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक बी. के. जेना विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगे।

विद्यालय प्रबंधन ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि एमजीएम विद्यालय ने विगत वर्षों में शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, संस्कार और सर्वांगीण विकास को अपनी पहचान बनाया है। आरोहन-2025 के माध्यम से विद्यार्थियों को मंच प्रदान कर उनके भीतर छिपी प्रतिभा को समाज के सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही, कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विकास में योगदान देने वाले शिक्षकों एवं मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किए जाने की भी योजना है। पालक-शिक्षक संघ के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन अभिभावकों और शिक्षकों के आपसी सहयोग का जीवंत उदाहरण होगा, जिसमें शिक्षा के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी और सहभागिता का संदेश दिया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन एवं पालक-शिक्षक संघ ने जिले के शिक्षाविदों, अभिभावकों, पूर्व विद्यार्थियों एवं नगरवासियों से इस ऐतिहासिक आयोजन में सहभागी बनकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## आरक्षक पर चाकू से हमला करने वाला गिरफ्तार



**शहडोल।** 2 अक्टूबर को थाना धनपुरी में पदस्थ आरक्षक जयप्रकाश शीराम की ड्यूटी दुर्गा विसर्जन के दौरान पंचमुखी मंदिर के सामने ईदगाह के पास लगी थी। इसी दौरान आरोपी संतबीर रजक उम्र 23 वर्ष निवासी एफसीआई गोदाम के पास, नार्दन कॉलोनी शहडोल ने आरक्षक पर चाकू से हमला किया। आरोप है कि आरोपी ने आरक्षक के साथ गालियाँ देते हुए हत्या की नीयत से मारपीट की, जिससे आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट पर थाना धनपुरी में भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आरोपी संतबीर रजक घटना के बाद लगातार फरार चल रहा था। पुलिस ने घटना के दिन से ही आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। विवेचना के दौरान 12 दिसंबर 2025 को आरोपी को जिला अस्पताल शहडोल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया। आरोपी को 13 दिसंबर 2025 को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। संतबीर रजक थाना कोतवाली का निगरानी बदमाश है और उसके खिलाफ पहले से कई अपराध दर्ज हैं। इस गिरफ्तारी से पुलिस की सतर्कता और कानून व्यवस्था बनाए रखने की तत्परता उजागर हुई है। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में एसडीओपी धनपुरी के नेतृत्व में थाना प्रभारी धनपुरी निरीक्षक खेमसिंह पेंद्रो, उप निरीक्षक नागेन्द्र प्रताप सिंह, प्रण्आरण रामनाथ, आरण अजय सिंह, आरण कोमल, जयप्रकाश, राजेश शर्मा, गुलाब सिंह और उप निरीक्षक राकेश बागरी तथा सउनि रजनीश तिवारी की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस ने चेतावनी दी है कि कानून व्यवस्था और नागरिक सुरक्षा के खिलाफ कोई भी अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस गिरफ्तारी से शहडोल जिले में पुलिस की सक्रियता और अपराध नियंत्रण क्षमता को मजबूती मिली है।

खबर संक्षेप

## देश की राजधानी में गूंजी प्रदेश की गूंज



**अनूपपुर।** कोयलांचल क्षेत्र पौराधार (डूमर कछार) के पूर्व निवासी वर्तमान समय में गोविंदा कोतमा में निवासरत्त नीरज मिश्रा की पुत्री ने नयी दिल्ली स्थित मध्य प्रदेश भवन में 12 दिसंबर से 14 दिसंबर तक आयोजित मध्य प्रदेश उत्सव में प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत की मनोहारी प्रस्तुति देखने को मिल रही है। इसी कड़ी में 13 दिसंबर को अनूपपुर जिले की गोविंदा कॉलरी निवासी बाल कथावाचक कु. उन्नति मिश्रा उम्र (12 वर्ष ) जो 4 वर्ष की उम्र से ही भजन गायन में रुचि रखती हैं को भजन गायन का विशेष अवसर मध्य प्रदेश भवन नई दिल्ली में आयोजित मध्य प्रदेश उत्सव के आयोजन के अवसर पर नयी दिल्ली में प्राप्त हुआ है। कु. उन्नति मिश्रा ने अपने मधुर कंठ से प्रस्तुत भजनों के माध्यम से उपस्थित दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। उनकी प्रस्तुति को श्रोताओं ने खूब सराहा और तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साह बढ़ाया। कम उम्र में आध्यात्मिक संगीत की गहरी समझ और सशक्त प्रस्तुति ने अनूपपुर जिले का नाम राजधानी दिल्ली में रोशन किया। मध्य प्रदेश उत्सव के मंच पर उन्नति मिश्रा की सहभागिता न केवल जिले के लिए गौरव का विषय है, बल्कि प्रदेश की उभरती सांस्कृतिक प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने की दिशा में एक प्रेरणा भी है। सीनियर आईएएस रश्मि अरुण शमी आवासीय आयुक्त मध्य प्रदेश भवन नई दिल्ली ने भी इस बाल कथावाचक की भूरी-भूरी प्रशंसा की और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मिश्रा परिवार को सभी जानने पहचानने एवं कोयलांचल क्षेत्र रामनगर, राजनगर, पौराधार, जमुना- कोतमा सहित समूचे अनूपपुर जिले शहडोल संभाग सहित प्रदेश के अन्य स्थानों से शुभचिन्तको ने बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। बाल कथावाचक उन्नति ने इसके पूर्व संकट मोचन हनुमान मंदिर गोविंदा कॉलोनी,गुरु द्रोणाचार्य स्टेडियम लहसुई कैंप कोतमा,चिरहुला नाथ धाम रीवा,इसके अलावा कई स्थानों पर भजन गायन का कार्यक्रम सम्पन्न किया है,साथ ही श्रीमद् भागवत कथा का पाठन भी कई स्थानों पर किया गया है। इस अवसर पर उनन्ति ने कहा कि पूज्यनीय गुरुदेव, ईश्वर श्री के प्रति अटूट श्रद्धा,आस्था और माता-पिता के आशीर्वाद से ही इस पथ पर अग्रसर हो पा रही हूँ।

### धान परिवहन ट्रकों को ओवर लोड की खुली छूट, हादसों के साथ सड़कें भी जर्जर

# संदेह के घेरे में यातायात पुलिस और परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली







### क्षमता से दोगुना भार लादे यमराज रूपी ट्रक से जनमानस को खतरा

### रोड में ओव्हर लोड ट्रक तो उपार्जन केन्द्रों में 'चेकर' का आतंक

जिले मे धान परिवहन में लगे ट्रकों को ओवरलोड की खुली छूट है।यातायात नियमों को ठेंगे पर रखकर धान उठा रहे हैं। ट्रकों में क्षमता से ज्यादा धान ढुलाई से न सिर्फ सड़कें दम तोड़ रहीं है, बल्कि हादसों की भी आशंका है। उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जा रही है। ताबड़तोड़ खरीदी के कारण केंद्रों में धान जाम हो गया है। धान परिवहन में लगे ट्रकों द्वारा यातायात नियमों को ताक पर रखकर परिवहन किया जा रहा है। 16 टन भार क्षमता वाले ट्रकों में भी 25 से 30 टन धान लादकर संग्रहण केंद्र तक पहुंचाया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

रोजाना कई ट्रिप धान ट्रकों में ओवरलोड भरकर ग्रामीण सडक़ों पर धड़ल्ले से दौड़ा रहे हैं। ओवरलोड ट्रकों की पहियों से खुरच-खुरच कर ग्रामीण सडक़ें आधी हो गई है। हालात इतने बुरे हो चुके हैं कि अब ये ग्रामीण सडक़ें दम तोडऩे लगी हैं। यह सब खुलेआम हो रहा है। बावजूद इसके सरकारी नुमाइंदों ने अपनी आंखों में काली पट्टी बांध रखी है, जिसके चलते उन्हें कुछ नजर नहीं आ रहा है। बेलगाम भारी वाहनों पर लगाम कसने के लिए यहां परिवहन विभाग तो है, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने अपना कामकाज सिर्फ दफ्तरों तक ही सीमित कर रखा है। वाहनों में धान का भार चाहे जितना भी हो, विभाग को तो सिर्फ टैक्स वसूली से मतलब है। यहां पदस्थ अधिकारियों को सडक़ों पर कार्रवाई करते शायद ही किसी ने देखा हो। हां इतना जरूर है कि यदि कोई दफ्तर में काम लेकर पहुंचे, तो उसे लंबे-चौड़े नियम जरूर गिनाए जाते हैं लेकिन ध्यान नहीं दिया जाता है। शहर में ही वाहन चालक प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए शहर के भीतर से ही अधिकारियों के सामने से ही ओवरलोड वाहन पार हो रहे हैं। इसके बाद भी कोई इन ओवरलोड वाहनों को रोकने की जहमत नहीं करता है।

### बड़े हादसे की आशंका

जिले के लगभग सभी उपार्जन केंद्र गांवों में संचालित हैं। लोगों को सुविधा मुहैया कराने गांव में मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री योजनांतर्गत पक्की सडक़ें बनाई गई हैं, जो केवल 12 टन भार सहने वाले हैं वही शहर में इस प्रकार के भारी वाहन के गुजरने से बड़ा हादसा होने का भी डर बने रहता है। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। जबकि आए दिन हादसे हो रहे हैं। धान परिवहन में लगे ट्रक मालिक, मिलर्स व विभिन्न सरकारी विभाग भी इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं। आमतौर पर एक ट्रक में अंडरलोड का मतलब करीब 12 टन होता है, जो ट्रकों के भार के साथ जुड़ा होता है। बावजूद इसके इन ट्रकों में 25 से 30 टन वजनी धान ढुलाई की जा रही है।

### यमराज ट्रकों को मिल रही खुली छूट

जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात विभाग भले ही रोज-रोज छोटी मोटी कार्रवाई कर अपनी जिम्मेदारी पूरी होने का दावा करता हो, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। धान उपार्जन के दौरान परिवहन में लगे ओवरलोड और दस्तावेजविहीन ट्रकों पर न तो कार्रवाई की जा रही है और न ही विभाग द्वारा कोई कठोर कदम उठाया गया है। क्षमता से दोगुना धान लादकर चल रहे ये यमराज रूपी ट्रक आम लोगों की जान के लिए खतरा बन गए हैं। क्षमता से अधिक धान लोड़ कर सड़कों में दौड़ रहे यमराज रूपी ट्रकों को परिवहन विभाग वा यातायात पुलिस द्वारा छूट दे रखी है। जिस पर कार्यवाही करने से बचते आने कई सवाल खड़े हो गये है। जबकि ये ट्रके बिना परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण सहित लाखों का बकाया टैक्स के बावजूद ओव्हरलोड़ एवं ओव्हर हाईट धान लोड़ कर सड़कों पर फर्राटा मार रहे है।

### सवालों के घेरे मे यातायात पुलिस की जांच

यातायात पुलिस जहां जिले के चारों दिशाओं के हाइवे में चेकिंग लगाकर वाहनों की जांच कर रहे है। लेकिन उपार्जन कार्य में धान के परिवहन हेतु लगे ट्रके बिना फिटनेस, बीमा, परमिट, प्रदूषण के खत्म होने तथा रोड़ कई लाखों रूपये टैक्स बकाया होने पर अब तक कोई जांच नही की जा रही है। इतना ही धान लोड़ ट्रके ओव्हर लोड़ होने के साथ ओव्हर हाईट होने के कारण जर्जर हो चले ट्रक सड़कों पर हादसों निमंत्रण देते हुए दौड़ रही है, लेकिन परिवहन विभाग के साथ ही यातायात विभाग इस पर कोई ध्यान नही दे रहा है।

### अनुबंध की शर्तों का खुला उल्लंघन

नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा धान परिवहन के लिए किए गए अनुबंध की कंडिकाओं साफ लिखा है कि सभी वाहन दस्तावेजों सहित पूर्णतः वैध होने चाहिए, लेकिन प्रभारी जिला प्रबंधक द्वारा बिना दस्तावेज जांच के परिवहनकर्ता से अनुबंध किए जाने से विभाग की कार्यप्रणाली कटघरे में है। नियमों के तहत दस्तावेज अधूरे या समाप्त होने पर अनुबंध रद्द किया जाना चाहिए था और परिवहनकर्ता पर कार्रवाई होनी चाहिए थी, लेकिन इसके उलट 1 दिसंबर 2025 से शुरू हुई खरीदी में बिना टैक्स जमा, बिना फिटनेस, बिना बीमा और ओवरलोड ट्रक खुलेआम सड़कों पर धड़ल्ले से चल रहे हैं। जिले में धान परिवहन के नाम पर नियमों की खुली धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सवाल यह है कि क्या प्रशासन कार्रवाई करेगा या किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही नींद टूटेगी।

### हो चुकी आम समस्या

धान उपार्जन (सरकारी खरीद) के ट्रकों का ओवरलोड चलना एक आम समस्या है, जहाँ परिवहन में तेजी लाने और खर्च बचाने के लिए ट्रकों को क्षमता से अधिक (ओवरलोड) भरा जाता है, जिस पर अक्सर आरटीओ जैसी एजेंसियां भी कार्रवाई नहीं करतीं क्योंकि यह शासन-प्रशासन से जुड़ा मामला होता है, और इससे सड़क सुरक्षा व वाहन की टूट-फूट का खतरा बढ़ जाता है। ओवरलोडिंग की जानकारी खरीदी केंद्र, संग्रहण केंद्र और धर्मकांटा के रिकॉर्ड में दर्ज होती है, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं होती अर्थात धान खरीदी के दौरान ओवरलोड ट्रकों का चलना एक स्थापित प्रक्रिया बन गई है, जहाँ जल्दी परिवहन के लिए नियमों की अनदेखी की जाती है।

### इधर उपार्जन केन्द्रों मे 'चेकर' का आतंक

जिले के धान उपार्जन केंद्रों पर किसानों का शोषण अब खुली लूट में तब्दील हो चुका है किसानों का आरोप है कि धान खरीदी व्यवस्था पूरी तरह से 'वसूली सिस्टम' बन गई है, जहाँ 500 से 1000 रुपये दिए बिना धान पास नहीं किया जाता पैसे नहीं देने पर धान को रिजेक्ट करने और डराने-धमकाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। कोतमा क्षेत्र के कई खरीदी केंद्र कोतमा सेवा सहकारी समिति मर्या. छिल्पा, भालमुड़ी, कोठी, अमलई, बिजुरी, अनूपपुर, बेनीबारी, भेजरी, देवगवां, दुलहरा, राजेंद्रग्राम एवं जैतहरी में चेकरों की मनमानी चरम पर है किसानों का कहना है कि शासन द्वारा पल्लेदारी, सिलाई और परिवहन का भुगतान पहले से तय होने के बावजूद उनसे अवैध वसूली की जा रही है। दुलहरा खरीदी केंद्र में हालात और भी बदतर हैं, जहाँ किसानों को स्वयं तौल और सिलाई करनी पड़ रही है 40 किलो के स्थान पर 41 किलो धान लेने से प्रति बोरा किसानों को नुकसान हो रहा है। इस पूरे मामले से जुड़े वीडियो वायरल भी हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद न तो प्रशासन ने छापेमारी की और न ही दोषियों पर कार्रवाई की जिला आपूर्ति अधिकारी सुश्री अनीता सोरते से संपर्क का प्रयास किया गया, पर फोन रिसीव नहीं हुआ प्रशासन की चुप्पी से किसानों में भारी आक्रोश है और वे दोषी चेकर्स व प्रबंधकों पर एफआईआर की मांग कर रहे हैं।

### औपचारिकताओं तक सिमटकर रह गई प्रशासन की पत्रकार वार्ता

# विकास के ब्यौरे गायब, नहीं दिखी जमीनी हकीकत



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित नर्मदा सभागार में 13 दिसम्बर को विकास और सेवा के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित पत्रकार वार्ता औपचारिकताओं तक सिमटकर रह गई। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री एवं अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने मंच से राज्य सरकार की योजनाओं, नीतिगत निर्णयों और प्रदेश स्तर की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला, किंतु जिले से जुड़ी ठोस विकासात्मक प्रगति, स्थानीय नवाचारों और जमीनी स्तर पर हुए कार्यों को लेकर कोई स्पष्ट व तथ्यपरक विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया।

### जिले की उपलब्धियों पर मंत्री मौन

पत्रकार वार्ता का मूल उद्देश्य जिले के विकास कार्यों की समीक्षा, पिछले दो वर्षों की उपलब्धियों का लेखा-जोखा और जनहित से जुड़े प्रश्नों के उत्तर देना था। परंतु अनूपपुर जिले में अधोसंरचना विकास, रोजगार सृजन, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, लंबित योजनाओं की प्रगति या स्थानीय समस्याओं के समाधान जैसे अहम मुद्दों पर प्रभारी मंत्री द्वारा कोई ठोस आंकड़े, समयसीमा या कार्य-योजना साझा नहीं की गई। प्रभारी मंत्री ने वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष घोषित किए जाने, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, निवेश प्रस्तावों, विभिन्न कल्याणकारी मिशनों, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, धार्मिक एवं सांस्कृतिक परियोजनाओं सहित अनेक विषयों पर जानकारी दी। हालांकि, यह जानकारी प्रदेश स्तर की रही और इसका अनूपपुर जिले से सीधा संबंध या स्थानीय प्रभाव स्पष्ट नहीं किया गया। इससे यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जिले के नागरिकों को अपने क्षेत्र में हुए वास्तविक विकास कार्यों की जानकारी आखिर कब और कैसे मिलेगी। कार्यक्रम में कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, सहायक जनसंपर्क अधिकारी कुसुम मरकाम, जिला पंचायत मीडिया अधिकारी अमित श्रीवास्तव सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार उपस्थित रहे।

### थर्मल पावर प्लांट रक्सा कोलमी में टोरंट पावर प्लांट से बदलेगी जिले की तस्वीर

# औद्योगिक विकास, रोजगार और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की ओर अनूपपुर

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

रक्सा कोलमी क्षेत्र में प्रस्तावित न्यू जोन पावर प्लांट एवं टोरंट पावर प्लांट को लेकर क्षेत्र में उत्साह और उम्मीद का माहौल स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। यह 1600 मेगावाट की महत्वाकांक्षी थर्मल पावर परियोजना न केवल ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में एक बड़ा कदम मानी जा रही है, बल्कि अनूपपुर जिले के औद्योगिक, सामाजिक और आर्थिक विकास का मजबूत आधार बनने की दिशा में भी अग्रसर है। कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुधाकर पाण्डेय के अनुसार, इस परियोजना का सबसे बड़ा और प्रत्यक्ष लाभ रोजगार के रूप में सामने आएगा। पावर प्लांट के निर्माण एवं संचालन के दौरान तकनीकी और गैर-तकनीकी दोनों क्षेत्रों में हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त होगा। इसके साथ ही सुरक्षा, परिवहन, रखरखाव, ठेकेदारी, प्रशासन और सेवा क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। इससे स्थानीय युवाओं को अपने ही जिले में काम के अवसर मिलेंगे और पलायन की प्रवृत्ति में कमी आएगी। यह परियोजना अनूपपुर जिले की अर्थव्यवस्था को भी नई गति देने वाली साबित होगी। इतने बड़े औद्योगिक निवेश से स्थानीय बाजारों में गतिविधि बढ़ेगी, व्यापार और परिवहन को विस्तार मिलेगा तथा होटल, दुकानें और सेवा क्षेत्र को नया जीवन मिलेगा। आय के साधन बढ़ने से लोगों की क्रय शक्ति में इजाफा होगा, जिसका सकारात्मक प्रभाव जिले के समग्र आर्थिक ढांचे पर पड़ेगा। चूंकि यह एक आधुनिक थर्मल पावर प्रोजेक्ट है, इसलिए पर्यावरणीय मानकों के पालन के साथ-साथ संसाधनों के पुनः उपयोग पर भी विशेष ध्यान



दिया जा रहा है। पावर प्लांट से निकलने वाली फ्लाई ऐश को अपशिष्ट मानकर छोड़ने के बजाय उससे जुड़े कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित किया जाएगा। फ्लाई ऐश से ईंट, ब्लॉक, टाइल्स और अन्य निर्माण सामग्री के उत्पादन से जहां पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा, वहीं ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। कंपनी की नीति में स्थानीय लोगों की भागीदारी को प्राथमिकता दी गई है। कौशल विकास, प्रशिक्षण और स्थानीय संसाधनों के अधिकतम उपयोग के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इस परियोजना का लाभ सीधे क्षेत्रवासियों तक पहुंचे। यह परियोजना केवल बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि रक्साद्कोलमी और आसपास के क्षेत्रों के समग्र विकास का माध्यम बनेगी। कुल मिलाकर, न्यू जोन पावर प्लांट एवं टोरंट पावर प्लांट का 1600 मेगावाट का यह प्रस्तावित प्रोजेक्ट अनूपपुर जिले के लिए औद्योगिक क्रांति का आधार बन सकता है। रोजगार, कुटीर उद्योग, आर्थिक मजबूती और आत्मनिर्भरता की दिशा में यह परियोजना आने वाले वर्षों में जिले को एक नई पहचान देने की पूरी क्षमता रखती।

### भगवा पार्टी ने निर्माण स्थल पर किया 108 हनुमान चालीसा पाठ

# सुंदरकांड के पश्चात लंका दहन का भी करेंगे आयोजन

हरिभूमिद न्यूज अनूपपुर।

नगर के बहुप्रतीक्षित रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण में बीते 9 वर्षों से जारी अत्यधिक देरी के विरोध में भारतीय गण वार्ता पार्टी (भगवा पार्टी) द्वारा शनिवार 13 दिसंबर को फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण स्थल पर 108 हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन वन विभाग कार्यालय के सामने, फ्लाईओवर ब्रिज के प्रारंभिक हिस्से पर प्रातः 11 बजे प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को दूर कर प्रशासन,निर्माण एजेंसी एवं संबंधित विभागों को सद्बुद्धि प्रदान करना रहा। आयोजन के अंत में विधिवत हवन-यज्ञ एवं प्रसाद वितरण किया गया। भगवा पार्टी के जिला अध्यक्ष पं. कन्हैयालाल मिश्रा ने कहा कि सनातन संस्कृति में जब कोई महत्वपूर्ण कार्य लंबे समय तक बाधित रहता है, तब ईश्वर से मार्गदर्शन हेतु यज्ञ,मंत्रोच्चारण एवं हनुमान चालीसा पाठ किया जाता है। उन्होंने कहा, "कवन सो काज सकल जग माहीं। जो नहि होय तात तुम पाहिं" इसी भावना के साथ यह आयोजन किया गया है, ताकि वर्षों से लंबित फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण शीघ्र पूर्ण हो सके और नगरवासियों को राहत मिल सके।

### 9 वर्षों से अधूरा फ्लाई ओवर

गौरतलब है कि फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण अधूरा रहने से नगर का समग्र




विकास अवरुद्ध हो गया है। व्यापारिक गतिविधियाँ प्रभावित हैं,यातायात व्यवस्था अस्त-व्यस्त है तथा अस्पताल, स्कूल एवं आवश्यक सेवाओं तक पहुँच में आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों एवं नागरिकों द्वारा बार-बार मांग उठाए जाने के बावजूद निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हो सकी है।

### सामूहिक चेतना से विकास की मांग

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु,सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से पं. कन्हैयालाल मिश्रा,वरुण चटर्जी, विवेक सरावगी, सुजीत कुमार मिश्रा, एड. वासुदेव चटर्जी, एड. संजीव द्विवेदी, प्रदीप यादव, रामसजीवन गौतम, राजेश गुप्ता, बृजवासी प्रसाद मिश्रा, अरुण मिश्रा, कमलेश शुक्ला, कमलेश पटेल, विजय राठौर, अशोक राठौर, अनिल राठौर, हरि भजन अवस्थी, उमेश त्रिपाठी, राकेश गौतम, राजू अग्रहरी, बृजेश राठौर, राहुल अग्रहरी, मनीष गौतम, इशांक केशरवानी, प्रथमेश केशरवानी, अंश गुप्ता, सुशील राठौर, लोकनाथ पनिका, प्रवीण रजक सहित मारुति युवा संगठन के सदस्य एवं बड़ी संख्या में अनूपपुर नगर के व्यापारी उपस्थित रहे। साथ ही जीआरपी, आरपीएफ एवं कोतवाली अनूपपुर का पुलिस बल, फ्लाईओवर से प्रभावित क्षेत्र के अन्य नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल रहे।

### की गई आगामी कार्यक्रम की घोषणा

आयोजकों ने स्पष्ट किया कि यह आयोजन मात्र धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि वर्षों से लंबित विकास कार्य को गति देने का सामूहिक संकल्प है। हनुमान चालीसा की दिव्य ऊर्जा से बाधाएँ दूर हों और संबंधित अधिकारी-कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करें इसी उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर भगवा पार्टी द्वारा घोषणा की गई कि आगामी चरण में सुंदरकांड पाठ एवं लंका दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा,ताकि प्रशासन पर आध्यात्मिक एवं नैतिक दबाव बनाकर फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जा सके।



### ट्रैक्टर ने बाइक को मारी जोरदार टक्कर, युवक की मौके पर मौत

**अनूपपुर।** जिले में सड़क हादसे के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं, आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटना में कई लोग अपनी जानें गंवा रहे है। अब ताजा मामला अनूपपुर जिले से सामने आया है। जहां भीषण हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक घटना जैतहरी थाना क्षेत्र की है, जहां बाइक सवार युवक को ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक घटना जिले के जैतहरी थाना अंतर्गत खूटाटोला टोल नाका के पास हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक युवक जैतहरी से पेंड्रा की ओर जा रहा था, तभी ट्रैक्टर से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। इस दर्दनाक हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है, वहीं मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में लोगों के बीच काफी आक्रोश का माहौल है।